दिनांक 25.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक कर स्वच्छता का संदेश दिया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत मिशन क्लीन सिटी के स्त्रोत पृथक्कीकरण (रिड्यूज, रीयूज, रिसायकल) को प्रचार–प्रसार द्वारा दैनिक आदत बनाये जाने के लिए निकायों में स्वच्छता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 छ0ग0 के निकायो के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदेशवासियों को आभार व्यक्त करने होर्डिंग्स स्थापना के साथ–साथ निगम के जोन कार्यालय के अंतर्गत स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साफ–सफाई तथा स्वच्छता के प्रति जागरुकता संदेश दिया गया।

निगम आयुक्त के निर्देश अनुसार सभी जोन आयुक्त अपने–अपने कार्यालय के अंतर्गत 24 जुन से 26 जुन 2018 तक नगर पालिक निगम, भिलाई के सभी जोन अंतर्गत वार्डों में गतिविधियो का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री चौहान ने सभी जोन आयुक्तों को गतिविधियों का आयोजन किये जाने तथा की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स एसबीएम पोर्टल पर अपलोड करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश जारी किये गये, इसी क्रम में रैली एवं नुक्कड़ सभाएं के माध्यम से स्वच्छता संदेश दिया गया।

जन सम्पर्क अधिकारी